भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, नौएडा

हिन्दी टिप्पण लेखन प्रोत्साहन योजना

प्राधिकरण में तिमाही हिन्दी टिप्पण लेखन प्रोत्साहन योजना लागू है। इस योजना के तहत हिन्दी भाषी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा तिमाही रूप से अधिकाधिक एवं गुणवत्तापूर्ण हिन्दी टिप्पणी लिखने पर मेधाक्रम में **प्रथम, द्वितीय एवं प्रोत्साहन** पुरस्कारस्वरूप क्रमश : **रु. 1500/–, 1000/– और 750/–** के नकद पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जाता है।

साथ ही, हिन्दीतर भाषी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा तिमाही रूप से अधिकाधिक एवं गुणवत्तापूर्ण हिन्दी टिप्पणी लिखने पर मेधाक्रम में **प्रथम, द्वितीय एवं तीन प्रोत्साहन** पुरस्कारस्वरूप क्रमशः **रु. 1500/–, 1000/– और 750/–(तीन)** के नकद पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जाता है।

इसके अलावा, उक्त तिमाही में प्रत्येक शुक्रवार को अधिकाधिक एवं गुणवत्तापूर्ण हिन्दी टिप्पणी लिखने वाले एक कार्मिक को **हिन्दी मित्र** भी घोषित किया जाता है।

उक्त योजना के तहत सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से गठित तीन सदस्यीय समिति द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों की मेज पर रखी फाइलों में दिनांक **01.04.2020 से 30.06.2020** तक की अवधि के बीच हिन्दी में किए गए कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के आधार पर अधिकाधिक एवं गुणवत्तापूर्ण हिन्दी टिप्पणी लिखने वाले कार्मिकों को सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निम्नानुसार पुरस्कृत किया गया :–

क्र. सं.	प्रतिभागियों के नाम एवं पदनाम	स्थान	पुरस्कार राशि (रुपए)
	हिन्दी भाषी		
1.	श्री महेश चन्द्र शर्मा, सहायक	प्रथम	1500/–
2.	श्री सुखबीर सिंह, सहायक	द्वितीय	1000/–
3.	श्री प्रदीप कुमार सक्सेना, अनुभाग अधिकारी	प्रोत्साहन	750/–
	हिन्दीतर भाषी		
1.	श्रीमती तृष्णा ब्रह्मा, उच्च श्रेणी लिपिक	प्रथम	1500/–
2.	श्रीमती सरस्वती के., अनुभाग अधिकारी	द्वितीय	1000/–
3.	श्री पी. श्रीनिवास, निदेशक	प्रोत्साहन–1	750/–
4.	श्रीमती गिरिजा बकाया, उच्च श्रेणी लिपिक	प्रोत्साहन–2	1500/–
5.	श्री वी. मुरूगेसन, उप निदेशक	प्रोत्साहन–3	1000/–

साथ ही, उक्त तिमाही में प्रत्येक शुक्रवार को अधिकाधिक एवं गुणवत्तापूर्ण हिन्दी टिप्पणी लिखने वाले **श्री महेश चन्द्र शर्मा, सहायक** को उक्त तिमाही के लिए **हिन्दी मित्र** घोषित किया गया है।

श्री महेश चन्द्र शर्मा, सहायक
भा.अ.ज.प्रा., नौएडा

****